अ: स: प: क: 52/14/82–एस (I)

नसीम अहमद, आई0 ए0 एस0

संयुक्त सचिव, हरियाणा सरकार,
राजनैतिक एवं सेवाएं विभाग।

दिनांक 17 मई, 1982।

विषय : अखिल भारतीय तथा केन्द्रीय सेवाओं के उम्मीदवारों के चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन पंजियों के शीघ्र निकास के बारे में।

प्रिय महोदय,

उपर्युक्त विषय पर श्री टी0 वी0 रामानन, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, गृह मन्त्रालय, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग, नई दिल्ली के अर्ध सरकारी पत्र क्रमांक 13012/2/82–ए0 आई0 एस0 (I), दिनांक 3–5–82 की प्रति संलग्न करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जो सत्यापन पंजियां कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आपको निकट भविष्य में भेजी जाएंगी उनके सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही परम अग्रता के आधार पर करवाएं और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक केस में सत्यापन सम्बन्धी रिपोर्ट भारत सरकार को सत्यापन पंजी की प्राप्ति के एक मास के अन्दर अन्दर अवश्य भेज दी जाएं।

आपका
हस्ता/–
(नसीम अहमद)

1. सभी उपायुक्त
2. सभी पुलिस अधीक्षक

क्रमांक 52/14/82–एस (I), दिनांक चण्डीगढ़ 17 मई, 1982

एक प्रति अनुलग्नक की प्रति सहित आयुक्त अम्बाला/हिसार मंडल को सूचनार्थ प्रेषित है।

हस्त/–
संयुक्त सचिव राजनैतिक एवं सेवाएं,
कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

क्रमांक 52/14/82–एस (I) दिनांक चण्डीगढ़ 17 मई, 1982

एक प्रति अनुलग्नक की प्रति सहित पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक (गुप्तचर विभाग) हरियाणा, चण्डीगढ़ को सूचना तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

हस्त/–
संयुक्त सचिव राजनैतिक एवं सेवाएं
कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

क्रमांक 52/14/82–एस (I) दिनांक चण्डीगढ़ 17 मई, 1982

एक प्रति श्री टी0 वी0 रामानन, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, गृह मन्त्रालय, कार्मिक तथा प्रशासनिक सुधार विभाग, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को उनके अर्ध सरकारी पत्र क्रमांक 13012/2/82–ए0 आई0 एस0 (I), दिनांक 3–5–82 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है।

हस्त/–
संयुक्त सचिव राजनैतिक एवं सेवाएं,
कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।